दिनांक :08.05.2025 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**1-** भारत ने लाहौर में पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को किया तबाह।
2- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा- ऑपरेशन सिंदूर में उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का इस्तेमाल किया गया।
3- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया- 29 मई से 12 जून तक देशव्यापी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' चलाया जाएगा।
4- बादल, आंधी, बारिश से गिरा पारा, रतलाम, मंदसौर में आज भी हुई तेज बारिश
समाचार विस्तार से...

**ऑपरेशन सिंदूर-अपडेट**

विदेश मंत्रालय ने लगातार दूसरे दिन प्रेस वार्ता के जरिए ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। इसमें बुधवार की तरह विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं। कर्नल सोफिया ने कहा कि पाकिस्तान ने 15 भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला किया था। इन्हें नाकाम करने के बाद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। भारत ने लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया।

वहीं विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत तनाव बढ़ाने का काम नहीं कर रहा है। हमारा मकसद सिर्फ 22 अप्रैल के हमले का जवाब देना है। हमारा जवाब सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना था। सैन्य ठिकाने हमारा लक्ष्य नहीं थे।

भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर में उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का इस्तेमाल किया है, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों ने जिस तरह पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में

आतंकी शिविरों को नष्ट किया है, वह देश के लिए गर्व की बात है। आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने देश के सशस्त्र बलों को साहस और वीरता के साथ कार्रवाई करने के लिए बधाई दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह कार्रवाई किसी भी निर्दोष को नुकसान पहुंचाए बिना और न्यूनतम क्षति के साथ की गई है।

रक्षा मंत्री ने देशवासियों को आश्वस्त किया कि भारत की संप्रभुता की रक्षा करने में सरकार के लिए कोई सीमा बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने कहा कि भारत, भविष्य में भी ऐसी जिम्मेदाराना कार्रवाईयों के लिए पूरी तरह तैयार है।

**सरकार-सर्वदलीय बैठक**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद नई दिल्ली में आज सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, नेता विपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत विभिन्न दलों के नेता बैठक में शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक में सरकार की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्यवाही को साझा किया गया है। बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पार्टी लाइन से हटकर नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की और आतंकवादियों के खिलाफ सशस्त्र बलों की कार्रवाई पर गर्व व्यक्त किया है।

**सूचना और प्रसारण - पाकिस्तानी सामग्री**

सरकार ने ओटीटी और मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को, पाकिस्तान की वेब-सीरीज, फिल्में और अन्य सामग्री को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा हित का हवाला देते हुए इस बारे में परामर्श जारी किया है। मंत्रालय ने उन्हें पाकिस्तानी वेब-सीरीज, फिल्में, गाने, पॉडकास्ट और अन्य मीडिया सामग्री की स्ट्रीमिंग को रोकने की सलाह दी है। यह सामग्री सब्सक्रिप्शन आधारित मॉडल पर उपलब्ध हो या न हो, दोनों ही स्थितियों में हटानी होगी।

**शिवराज-विकसित कृषि**

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों में आधुनिक तकनीक और नई बीज किस्मों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 29 मई से 12 जून तक देशव्यापी अभियान 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन- खरीफ अभियान के दौरान श्री चौहान ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत देश भर के 700 जिलों के करीब डेढ़ करोड़ किसानों तक पहुंचा जाएगा। श्री चौहान ने सभी प्रमुख फसलों की उत्पादकता और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कृषि विस्तार सेवाओं में सुधार पर बल दिया।

**सामूहिक विवाद कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में समरसता, एकता और मितव्ययिता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि एक ही मंडप में कई जोड़ों का विवाह होना सामाजिक चेतना और बदलती सोच का प्रतीक है। डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास से सागर जिले की नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रजाखेड़ी बजरिया में सम्पन्न सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 1119 जोड़ों का एक ही मंडप में विवाह कराया गया।

**AI भारत@MP**

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आज से दो दिवसीय 'एआई भारत मध्य प्रदेश' कार्यशाला शुरू हुई। दो दिवसीय कार्यशाला में पहले दिन प्रदेश की नीतियों और टेक्नोलॉजी सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों और आईएएस अधिकारियों ने सरकारी सेवाओं में एआई के उपयोग पर चर्चा की। कार्यशाला में बताया गया कि मध्य प्रदेश उन कुछ राज्यों में से एक है जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर तेजी से काम हो रहा है। इसके साथ ही आधार में प्री-डॉक्यूमेंट फाइलिंग और फेस डिटेक्शन जैसी तकनीकों को शामिल करने पर भी काम किया जा रहा है। कार्यशाला में आगे डिजिटल टेक्नोलॉजी, क्लाउड कंप्यूटिंग,

डेटा सुरक्षा और आधार से जुड़ी नवाचार परियोजनाओं पर भी विशेष सत्र रखे गए हैं।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में आज भोपाल सहित कई जिलों में बादल छाए रहे और हल्की बूंदा बांदी हुई। बादल, बारिश-आंधी की वजह से तापमान में कमी आई है। सीहोर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में पिछले चार दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। रुक-रुक कर बारिश और तेज हवाओं से लोगों को गर्मी और लू से राहत मिली है। उधर रतलाम जिले में आज दोपहर अचानक एक बार फिर से मौसम ने करवट बदली और मूसलाधार बारिश होने लगी। मंदसौर जिले में भी आज शाम को सीतामऊ, शामगढ़, गरोठ मल्हारगढ़ क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ झमझमा बारिश हुई। मौसम विभाग में अगले दो दिन और जिले के कुछ क्षेत्रों में बारिश की चेतावनी जारी की है।

**संक्षिप्त समाचार**

1. मंदसौर के होमगार्ड लाइन में सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स मॉक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। 70 सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स ने इस कार्यशाला में भाग लिया।
2. भोपाल में ऑल उलेमा बोर्ड ने मस्जिदों में कल जुमे की नमाज के दौरान भारतीय सेना के लिए विशेष दुआ करवाने की अपील की है।
3. शहडोल संभाग के 17 हजार 152 किसानों ने रबी सीजन की फसल बोनी के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से 45 करोड़ 57 लाख रुपए का ऋण लिया है।
4. झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना की पहल पर प्रोजेक्ट कुपोषण मुक्त झाबुआ के तहत मोटी आई कैम्पेन की सफलता एवं डेटा एनालिसिस किये जाने के उद्देश्य से थर्ड पार्टी मूल्यांकन WHO(डब्ल्यूएचओ) के माध्यम से कराये जाने हेतु बैठक का अयोजन किया गया।

5. नीमच कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी राजस्व अधिकारी रास्ता विवाद से संबंधित सभी प्रकरणों का मौके पर निराकरण कर, रास्ते खुलवाएं।
6. विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर खंडवा जिला चिकित्सालय में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
7. जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छिंदवाड़ा के मरकाढ़ाना में निस्तारी तालाब गहरीकरण किया गया।

-------------------